दिनांकः 15.01.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- जयपुर में आज जल संचय पर संवाद कार्यक्रम–केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित कई उद्यमी शामिल होंगे।
- केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार जयपुर में दिव्यांगों के कौशल विकास और सशक्तिकरण के लिए समेकित क्षेत्रीय केन्द्र की शुरूआत करेंगे।
- सेना दिवस के मौके पर आज विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।
- प्रदेश में आज कई स्थानों पर घने कोहरे का असर जारी–कुछ जगह बारिश और कहीं–कहीं ओले गिरने के आसार।

.................

जयपुर में आज "जल संचय–जन भागीदारी'' पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री आवास पर होने वाले इस कार्यक्रम में केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल भी हिस्सा लेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और शहर के करीब दो सौ उद्यमी और समाज सेवी प्रदेश को जल आत्मनिर्भर बनाने पर चर्चा करेंगे। **"कर्मभूमि से मातृभूमि"** अभियान के तहत ये पहल की जा रही है। "कर्मभूमि से मातृभूमि" अभियान का उद्देश्य वर्षाजल संचय के द्वारा प्रदेश में भूजल स्तर की गिरावट को रोकना है। शुरुआती स्तर पर इस अभियान में सिरोही, पाली, जोधपुर, भीलवाड़ा, झुंझुनूं और जयपुर जिलों को जोड़ा गया है।

इससे पहले, केन्द्रीय श्री पाटिल और मुख्यमंत्री की मौजूदगी में सांगानेर स्थित राजकीय महाविद्यालय में वर्षा जल संचयन कार्यों का शुभारम्भ किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कल उदयपुर में एक खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में शिरकत की। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेलों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है।

.................

केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार आज जयपुर दौरे पर रहेंगे। उनका दिव्यांगों के कौशल विकास और सशक्तिकरण के लिए समेकित क्षेत्रीय केन्द्र के स्थायी भवन के शिलान्यास का कार्यक्रम है। श्री कुमार सीआरसी के अस्थायी परिसर का उद्घाटन भी करेंगे। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से दिव्यांगों के पुनर्वास और कौशल विकास के लिए ये सेंटर चलाए जा रहे हैं। जयपुर में सीआरसी बनने से दूरदराज के दिव्यांगों को भी फायदा होगा। इन केन्द्रों के माध्यम से सभी श्रेणियों के दिव्यांगों को पुनर्वास सेवाएं दी जाएंगी। इसके साथ ही दिव्यांगों के बारे में सामुदायिक जागरुकता को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

.................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इन दिनों अपने संसदीय क्षेत्र कोटा–बूंदी के दौरे पर हैं। उन्होंने कल कोटा के नयापुरा में जरूरतमंदों को कंबल बांटे। इस अवसर पर पांच हजार से अधिक महिलाओं को कंबल वितरित किये गये। कार्यक्रम में श्री बिरला ने कहा कि भारतीय संस्कृति में सेवा का बड़ा महत्व है। नर सेवा नारायण सेवा का सिद्धांत जरूरतमंदों की मदद करना सिखाता है।

.................

लोकसभा अध्यक्ष ने गर्भस्थ शिशु और मातृ स्वास्थ्य के लिए चलाए जा रहे सुपोषित मां अभियान का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को घर बैठे रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जल्द ही कौशल प्रशिक्षण केन्द्र शुरू किये जाएंगे। इसके लिए व्यापक कार्ययोजना बनाई गई है।

.................

भीलवाड़ा में चल रहा पांच दिवसीय हरित मेला कल सम्पन्न हुआ। शिक्षा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर समापन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों से पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। पत्रकारों से बातचीत में श्री दिलावर ने कहा कि स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था बेहतर बनाने और अनुशासन के लिए कई पहल की गई हैं।

.................

आज भारतीय सेना दिवस है। ये दिन हर साल 15 जनवरी को मनाया जाता है। हमारी नौसेना क्षमताओं के लिए आज एक विशेष दिन होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज तीन अग्रणी नौसैनिक लड़ाकू जहाजों को देश के रक्षा बेड़े में शामिल करेंगे। ये नए युद्धपोत आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और आईएनएस वाद्यशीर हैं। सेना की दक्षिण पश्चिम कमान की ओर से जयपुर मिलिट्री स्टेशन पर विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। सेना दिवस पर पेश है एक रिपोर्ट–

.................

देशभर में आज भारत मौसम विज्ञान विभाग की 150वीं जयंती मनाई जा रही है। इस मौके पर मौसम केन्द्र जयपुर में प्रदर्शनी लगाई गई है। इसके माध्यम से स्कूली विद्यार्थियों, शोधार्थियों और आम लोगों को मौसम विज्ञान और पूर्वानुमान तकनीक के बारे में जानकारी मिल सकेगी। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रदर्शनी में मौसम पूर्वानुमान के लिए काम आने वाले विभिन्न उपकरण भी दर्शाए गए हैं।

.................

प्रदेश में आज कई स्थानों पर घने कोहरे, कुछ जगह बारिश होने और कहीं–कहीं ओले गिरने के भी आसार हैं। चूरू, हनुमानगढ, भरतपुर, करौली, भीलवाडा, सवाईमाधोपुर और जैसलमेर में आज घना कोहरा छाया हुआ है। कोहरे से यातायात प्रभावित है। पाली और जैसलमेर में शीतलहर का असर है। मौसम विभाग के अनुसार आज भरतपुर, कोटा, अजमेर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बरसात की संभावना है। कडाके की ठंड का असर देखते हुए अजमेर सहित कुछ जिलों में कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए आज और कल अवकाश रहेगा।

.................

राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद की ओर से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई प्रयास किये जा रहे हैं। स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर उन्हें ऋण और विभिन्न कार्यों का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। कोटा के गगराना गांव की रुक्मणी देवी ने भी समूह से जुड़ने के बाद साठ हजार रुपये का लोन लेकर सब्जी उगाने का काम शुरू किया। उनकी कहानी आज गांव की कई महिलाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी है।

.................